Title: Regarding deaths causd due to brain fever in Eastern Uttar Pradesh and others parts of the country.

योगी आदित्यनाथ (गोरखपुर) : अध्यक्ष जी, देश के विभिन्न भागों में मस्तिक ज्वर से होने वाली सैंकड़ों मौतों की ओर मैं आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। प्रतिर्वा देश के विभिन्न भागों में, विशोकर उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र में गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज, देवरिया आदि जनपदों के साथ ही बिहार, पश्चिमी बंगाल, उड़ीसा, आन्ध्र प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में मस्तिक ज्वर से सैंकड़ों मौतें होती हैं। बरसात के बाद जब मस्तिक ज्वर, जिसे एन्सेफ्लाइटिस कहते हैं, की बीमारी फैलती है तो 16 साल से नीचे के बच्चे इसकी चपेट में आते हैं। जो बालक इसकी चपेट में एक बार आ जाता है, या तो वह मर जाता है या फिर मानसिक रूप से विक्षिप्त होने की स्थिति में पहुंच जाता है। पिछली बार भी इस मुद्दे को मैं यहां सदन के माध्यम से माननीय स्वास्थ्य मंत्री जी के संज्ञान में लाया था। उस समय तत्कालीन स्वास्थ्य मंत्री ने आश्वासन भी दिया था कि इस पर बरसात से पहले ही वैक्सीनेशन की व्यवस्था उन क्षेत्रों में केन्द्र सरकार की तरफ से हो जाये तो काफी हद तक इसे नियंत्रित किया जा सकता है। पिछली बार रैडक्रास सोसायटी को पूर्वी उत्तर प्रदेश के गोरखपुर आदि जनपदों के साथ ही देश के विभिन्न भागों में मस्तिक ज्वर से होने वाली मौतों को रोकने के लिए वैक्सीनेशन का आदेश दिया गया था, लेकिन वहां पर अभी तक इस प्रकार के कोई कदम उन क्षेत्रों में सोसायटी के माध्यम से नहीं हो पाये हैं। स्वास्थ्य मंत्री जी यहां पर उपस्थित हैं, मैं मंत्री जी अनुरोध करना चाहता हूं कि बरसात के बाद मस्तिक ज्वर से जो सैकड़ों मौतें होती हैं, इन्हें रोकने के लिए वैक्सीनेशन की व्यवस्था अभी से प्रारम्भ की जाये।